पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registar@pssou.ac.in

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

(15-16 अक्टूबर 2019)

पण्डित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा दिनांक 15-16 अक्टूबर 2019 को ***"महात्मा गांधी के विचारों के संदर्भ में भारतीय सामाजिक विज्ञानों की सीमाओं, संभावनाओं तथा अवसरों की समीक्षा"*** विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह, सह- संरक्षक कुलसचिव डॉ. इंदु अनंत तथा संयोजक डॉ. अनिता सिंह, सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग एवं सह- संयोजक डॉ. प्रीतिरानी मिश्रा, सहायक प्राध्यापक, ग्रंथालय विज्ञान विभाग तथा आयोजन सचिव डॉ. दीपक पाण्डेय थे। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ता, प्राध्यापक, शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों सहित कुल 150 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। संगोष्ठी के माध्यम से विभिन्न वक्ताओं ने महात्मा गांधी के विचारों के संदर्भ में भारतीय सामाजिक विज्ञानों की सीमाओं, संभावनाओं तथा अवसरों की समीक्षा के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके साथ ही संगोष्ठी में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने शोध पत्रों का वाचन किया।

संयोजक